राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद

(डीपीआईआईटी, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

उत्पादकता भवन, 5-6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

तकनीकी सहायक (लेखा) और तकनीकी सहायक के पदों पर भर्ती

विज्ञापन सं. NPC/TA/1/2026 **दिनांक: 28.11.2026**

विस्तृत विज्ञापन

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी), जिसकी स्थापना 1958 में हुई थी, भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है। एनपीसी, सरकार और सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के संगठनों को उत्पादकता में परामर्श, अनुसंधान और प्रशिक्षण सेवाएं प्रदान करती है और एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ), टोक्यो का एक घटक है।

एनपीसी **'तकनीकी सहायक (लेखा)'** और **'तकनीकी सहायक'** (समूह 'ख', 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-6: रु. 35,400-1,12,400) के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है। ये पद पदोन्नति कोटे के अंतर्गत आते हैं और फीडर संवर्ग में पात्र अधिकारी उपलब्ध न होने के कारण 'ऐसा न होने की स्थिति में' प्रावधान के तहत खुले बाज़ार से सीधी भर्ती द्वारा भरे जा रहे हैं।

उम्मीदवारों को केवल **https://npcrecruitments.in** पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण दि. 28.11.2026 को 10:00 बजे प्रारंभ होगा और दि. 28.12.2026 को 17:00 बजे बंद होगा। यह विज्ञापन https://www.npcindia.gov.in/NPC/User/Notification_Career पर भी उपलब्ध है।

1.0 पद-वार और श्रेणी-वार रिक्तियां

क्र.सं.	**पद**	**पदों की संख्या**	**श्रेणी-वार**
1.	तकनीकी सहायक (लेखा)	10	अना.- 6, अ.पि.व. (एनसीएल)- 2, अ.जा.-1, ईडब्ल्यूएस.- 1*
2.	तकनीकी सहायक	5	अना. -4, अ.पि.व. (एनसीएल)-1*

*प्रत्येक में एक पद चलन (लोकोमोटर) दिव्यांगता - एक हाथ (ओए) अथवा एक पैर (ओएल) वाले बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए निर्धारित है। किसी भी श्रेणी के बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी)

उम्मीदवार निर्धारित पद के लिए आवेदन कर सकते हैं और वे जिस श्रेणी से संबंधित हैं, उसके विरुद्ध समायोजित किए जाएंगे।

संक्षिप्ताक्षर: अना. - अनारक्षित; अ.पि.व. (एनसीएल) - अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर); अ.जा. - अनुसूचित जाति; अ.ज.जा. - अनुसूचित जनजाति; ई.डब्ल्यू.एस. - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; पीडब्ल्यूबीडी - बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति; ओए - एक हाथ; ओएल - एक पैर; सीपीसी - केंद्रीय वेतन आयोग; एमसीक्यू - बहुविकल्पीय प्रश्न; एनओसी - अनापत्ति प्रमाण-पत्र।

रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें परिवर्तन हो सकता है।

जिस श्रेणी के लिए किसी पद में कोई रिक्ति आरक्षित नहीं है (दोनों पदों में अ.ज.जा.; तकनीकी सहायक में अ.जा. और ई.डब्ल्यू.एस.), उस श्रेणी के उम्मीदवार उस पद की अनारक्षित रिक्तियों के विरुद्ध, बिना आयु-छूट के, आवेदन कर सकते हैं।

इन पदों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए कोई आरक्षण नहीं है।

2.0 पात्रता मानदंड

2.1 कौन आवेदन कर सकता है

केवल वे भारतीय नागरिक पात्र हैं, जो नीचे दी गई अनिवार्य योग्यता और अनुभव रखते हैं ।

2.2 योग्यता और अनुभव

	तकनीकी सहायक (लेखा)	**तकनीकी सहायक**
अनिवार्य योग्यता	वाणिज्य में उपाधि	कला/विज्ञान/वाणिज्य/प्रबंधन में उपाधि
अनुभव	केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा स्वायत्त निकाय में लेखा, वित्त, लेखापरीक्षा, कराधान अथवा बजट कार्य का 5 वर्ष का अनुभव	केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा स्वायत्त निकाय में प्रशासनिक अथवा कार्यालयीन कार्य, जैसे टिप्पण और आलेखन, स्थापना, प्रापण, अथवा अभिलेख और फाइल प्रबंधन, का 5 वर्ष का अनुभव
वांछनीय योग्यता	वाणिज्य में स्नातकोत्तर अथवा सनदी लेखाकार संस्थान/लागत लेखाकार संस्थान (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स/ इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स) की इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण	किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि

2.3 आयु सीमा

ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि (28.12.2026) को 30 वर्ष, अर्थात् उम्मीदवार का जन्म 29 दिसंबर 1996 से पहले न हुआ हो। ऊपरी आयु सीमा में छूट निम्नानुसार है:

श्रेणी	**ऊपरी आयु सीमा में छूट**
अ.पि.व. (एनसीएल)	3 वर्ष
अ.जा.	5 वर्ष
दिव्यांगजन (ओए / ओएल)	10 वर्ष (अ.पि.व. (एनसीएल) हेतु 13 वर्ष तथा अ.जा. हेतु 15 वर्ष)
विभागीय उम्मीदवार (एनपीसी में कम से कम 3 वर्ष की निरंतर नियमित सेवा वाले एनपीसी के नियमित कर्मचारी)	5 वर्ष तक
एनपीसी के संविदा कर्मचारी	एनपीसी में संविदा सेवा के वर्षों के बराबर, अधिकतम 5 वर्ष, टिप्पणी (iii) के अधीन

टिप्पणी (i) अ.पि.व. (एनसीएल), अ.जा. और बेंचमार्क दिव्यांगजन हेतु छूट केवल उनके लिए आरक्षित/निर्धारित रिक्तियों के विरुद्ध अनुमेय है। अनारक्षित रिक्तियों के विरुद्ध आवेदन करने वाले इन श्रेणियों के उम्मीदवारों को आयु में छूट नहीं मिलेगी।

टिप्पणी (ii) श्रेणी छूट के अतिरिक्त अन्य छूटें संचयी नहीं हैं, सिवाय दिव्यांगजन छूट के। ई.डब्ल्यू.एस. हेतु आयु में कोई छूट नहीं है।

टिप्पणी (iii) एनपीसी के संविदा कर्मचारियों को छूट की शर्तें:

(क) यह छूट उस उम्मीदवार को उपलब्ध है, जिसने अंतिम तिथि से ठीक पहले के पाँच वर्षों में, अर्थात् 29.12.2021 से 28.12.2026 के बीच, एनपीसी में संविदा पर सेवा की है, चाहे वह अंतिम तिथि को एनपीसी में कार्यरत हो या नहीं।

(ख) संविदा सेवा से अभिप्राय है एनपीसी (मुख्यालय, क्षेत्रीय निदेशालय अथवा एआईपी, चेन्नई) द्वारा किसी भी पदनाम (परामर्शदाता सहित) में संविदा आधार पर सीधी नियुक्ति। आउटसोर्सिंग एजेंसी अथवा जनशक्ति आपूर्तिकर्ता के माध्यम से की गई सेवा, अथवा इंटर्न या प्रशिक्षु (अप्रेंटिस) के रूप में की गई सेवा नहीं गिनी जाएगी।

(ग) सेवा की गणना अंतिम तिथि से पीछे की ओर गिने गए वर्षों में की जाएगी (29.12.2025 से 28.12.2026, 29.12.2024 से 28.12.2025, और इसी प्रकार 29.12.2021 से 28.12.2022 तक)। किसी एक वर्ष की गणना तभी होगी, जब उस वर्ष में उम्मीदवार एनपीसी में कम से कम 180 दिन तक नियोजित रहा हो। सेवा में अंतराल से कोई अंतर नहीं पड़ेगा; अर्हक वर्ष एक साथ जोड़े जाएँगे। छूट इस प्रकार गिने गए वर्षों की संख्या के बराबर होगी।

(घ) यह एकबारगी छूट है, जो केवल इसी विज्ञापन हेतु उपलब्ध है।

(ङ) यह छूट बेंचमार्क दिव्यांगजन सहित किसी अन्य आयु-छूट में नहीं जोड़ी जाएगी। एक से अधिक छूट के पात्र उम्मीदवार को केवल उच्चतम छूट मिलेगी।

(च) उम्मीदवार को संबंधित एनपीसी कार्यालय के प्रमुख का प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा, जिसमें नियोजन की अवधियाँ और (ग) के अंतर्गत गिने गए प्रत्येक वर्ष में नियोजित दिनों की संख्या दर्शाई गई हो।

टिप्पणी (iv) आयु सीमा के प्रयोजन हेतु प्रत्येक उम्मीदवार निम्नलिखित तीन प्रकारों में से किसी एक में आता है:

(क) एनपीसी का नियमित कर्मचारी: वह व्यक्ति, जो अंतिम तिथि को एनपीसी में किसी नियमित पद पर कार्यरत है। यदि एनपीसी में उसकी कम से कम 3 वर्ष की निरंतर नियमित सेवा है, तो ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष तक की छूट (विभागीय उम्मीदवार) दी जाएगी; अन्यथा उसे (ग) के अंतर्गत माना जाएगा।

(ख) एनपीसी का संविदा कर्मचारी: वह व्यक्ति, जो टिप्पणी (iii)(क) में दी गई अवधि में टिप्पणी (iii)(ख) के अनुसार एनपीसी द्वारा सीधे संविदा पर नियोजित है या रहा है। ऊपरी आयु सीमा में छूट टिप्पणी (iii) के अनुसार दी जाएगी।

(ग) अन्य सभी उम्मीदवार: (क) या (ख) में न आने वाले सभी उम्मीदवार, जिनमें अन्य सरकारी संगठनों, सार्वजनिक उपक्रमों और स्वायत्त निकायों के कर्मचारी, आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से एनपीसी में कार्य कर चुके व्यक्ति तथा अन्य सभी उम्मीदवार शामिल हैं। इनके लिए ऊपरी आयु सीमा 30 वर्ष है, जिसमें केवल अ.पि.व. (एनसीएल), अ.जा. और बेंचमार्क दिव्यांगजन हेतु ऊपर दी गई छूट मिलेगी।

(घ) एक से अधिक मद में छूट के पात्र उम्मीदवार को केवल उच्चतम छूट मिलेगी, सिवाय इसके कि टिप्पणी (ii) के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांगजन छूट अ.पि.व. (एनसीएल)/अ.जा. छूट के अतिरिक्त मिलेगी।

2.4 निर्णायक तिथि और अनुभव

i. आयु, योग्यता, अनुभव और श्रेणी हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि निर्णायक तिथि है।

ii. उपाधि मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।

iii. अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद का केवल पूर्णकालिक सवेतन अनुभव गिना जाएगा। इंटर्नशिप, आर्टिकलशिप, अप्रेंटिसशिप, अंशकालिक अथवा मानद कार्य नहीं गिना जाएगा। अनुभव नियोक्ता के

प्रमाण-पत्र द्वारा समर्थित होना चाहिए, जिसमें सेवा की अवधि, धारित पद और किए गए कर्तव्य दर्शाए गए हों।

iv. विदेशी उपाधि वाले उम्मीदवारों के पास भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) का समतुल्यता प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

v. हिंदी या अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में प्रमाण-पत्र के साथ स्व-सत्यापित अनुवाद संलग्न करना होगा। जिन उम्मीदवारों का नाम विभिन्न दस्तावेज़ों में भिन्न है, उन्हें राजपत्र अधिसूचना अथवा शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3.0 आरक्षण

क. अ.जा./अ.ज.जा.

जाति/जनजाति को संबंधित राज्य की अ.जा./अ.ज.जा. की केंद्रीय सूची में होनी चाहिए। प्रमाण-पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रारूप में हो, तथा उसमें जारी होने की तिथि और केंद्रीय सूची के अनुसार जाति/जनजाति का नाम दर्शाया गया हो।

ख. अ.पि.व. (नॉन-क्रीमी लेयर)

जाति अ.पि.व. की केंद्रीय सूची में होनी चाहिए। उम्मीदवार को केंद्र सरकार के पदों हेतु निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि (28.12.2026) को या उससे पहले जारी अ.पि.व. (नॉन-क्रीमी लेयर) प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। क्रीमी लेयर के अंतर्गत आने वाले अ.पि.व. उम्मीदवार को अनारक्षित के रूप में आवेदन करना होगा ।

ग. ई.डब्ल्यू.एस.

उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा अंतिम तिथि (28.12.2026) को या उससे पहले जारी, वित्तीय वर्ष 2026-27 का आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र (वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय के आधार पर) निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा । अ.जा., अ.ज.जा. या अ.पि.व. आरक्षण के अंतर्गत आने वाले व्यक्ति ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी में पात्र नहीं हैं।

घ. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी)

i. केवल चलन दिव्यांगता - एक हाथ (ओए) अथवा एक पैर (ओएल), कम से कम 40% दिव्यांगता, वाले उम्मीदवार, जिनकी दिव्यांगता दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र/यूडीआईडी कार्ड द्वारा प्रमाणित है, निर्धारित पद और दिव्यांगजन आयु-छूट का दावा कर सकते हैं।

ii. लेखक (स्क्राइब) और प्रतिपूरक समय: लिखने में बाधा (limitation) वाले दिव्यांग उम्मीदवार, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों की लिखित परीक्षाओं हेतु भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार, चरण-I परीक्षा और चरण-II वर्णनात्मक परीक्षा में लेखक की सुविधा ले सकते

हैं। ओए / ओएल वाले उम्मीदवारों को सरकारी स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन अथवा चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अनुलग्नक-II के प्रारूप में जारी लिखने में बाधा का प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा। उम्मीदवार अपना लेखक स्वयं ला सकते हैं अथवा लेखक उपलब्ध कराने का अनुरोध कर सकते हैं; यह विकल्प ऑनलाइन आवेदन में दर्शाना होगा। स्वयं के लेखक की योग्यता इन पदों की न्यूनतम अनिवार्य योग्यता से कम होनी चाहिए और वह इस परीक्षा का उम्मीदवार नहीं होना चाहिए, तथा उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र पर अनुलग्नक-III के प्रारूप में वचन-पत्र प्रस्तुत करना होगा। लेखक के पात्र उम्मीदवारों को परीक्षा के प्रति घंटे के लिए 20 मिनट का प्रतिपूरक समय दिया जाएगा, चाहे वे लेखक की सुविधा लें या नहीं। डिजिटल सक्षमता (आईटी प्रायोगिक) परीक्षा में प्रतिपूरक समय दिया जाएगा, किंतु लेखक नहीं।

4.0 शारीरिक स्वस्थता

अंतिम चयन और कार्यभार ग्रहण, उम्मीदवार के चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने के अधीन है। चिकित्सा प्रमाण-पत्र चिकित्सा बोर्ड/सिविल सर्जन/जिला चिकित्सा अधिकारी अथवा समकक्ष प्राधिकारी से होना चाहिए और इसे कार्यभार ग्रहण के समय प्रस्तुत करना होगा।

5.0 आवेदन प्रक्रिया

आवेदन केवल **https://npcrecruitments.in** पर ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएँगे। उम्मीदवार केवल इसी सटीक पते का उपयोग करें; किसी अन्य वेबसाइट के लिए एनपीसी उत्तरदायी नहीं है। उम्मीदवार यह विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें और आवेदन से पहले अपनी पात्रता की जाँच कर लें।

आरंभ करने से पहले: एक वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर (जो भर्ती पूर्ण होने तक सक्रिय रहे), नीचे सूचीबद्ध स्कैन किए गए दस्तावेज़, तथा शिक्षा और अनुभव की प्रत्येक अवधि (नियोक्ता, पद, कब से-कब तक, कर्तव्य) का विवरण तैयार रखें।

चरण 1: पंजीकरण - दसवीं कक्षा के प्रमाण-पत्र के अनुसार ठीक-ठीक नाम, जन्म तिथि और लिंग, ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर के साथ पंजीकरण करें और ओटीपी द्वारा उनका सत्यापन करें। पंजीकरण संख्या और पासवर्ड पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर भेजे जाएँगे।

चरण 2: आवेदन - लॉगिन करें और भरें: (क) व्यक्तिगत विवरण और श्रेणी; (ख) आवेदित पद - उम्मीदवार एक ही आवेदन द्वारा एक या दोनों पदों हेतु आवेदन कर सकते हैं, और दोनों पदों हेतु आवेदन करने पर प्रथम वरीयता पद दर्शाना होगा; (ग) वर्ष के साथ शैक्षिक योग्यताएँ, विश्वविद्यालय और प्रतिशत; (घ) वांछनीय योग्यता, यदि कोई हो; (ङ) अनुभव, अवधि-वार; (च) आयु-छूट का दावा, यदि कोई हो; (छ) चरण-I के परीक्षा केंद्र का विकल्प; (ज) बेंचमार्क दिव्यांगजन और लेखक/प्रतिपूरक समय का विकल्प, यदि लागू हो; (झ) नीचे सूचीबद्ध दस्तावेज़ अपलोड करें; (ञ) पूर्वावलोकन करें, आवश्यकता हो तो संशोधित करें, और सहेजें।

चरण 3: शुल्क भुगतान - डेबिट/क्रेडिट कार्ड (VISA/MasterCard/RuPay) अथवा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें। बैंक प्रभार, यदि कोई हो, उम्मीदवार द्वारा देय होंगे।

श्रेणी	**आवेदित पद**	**शुल्क (रु.)**
अना. / अ.पि.व. (एनसीएल) / ई.डब्ल्यू.एस. (पुरुष उम्मीदवार)	एक पद - तकनीकी सहायक अथवा तकनीकी सहायक (लेखा)	1,000/-
अना. / अ.पि.व. (एनसीएल) / ई.डब्ल्यू.एस. (पुरुष उम्मीदवार)	दोनों पद	2,000/-
महिलाएँ (सभी श्रेणियाँ), अ.जा., अ.ज.जा., दिव्यांगजन	एक या दोनों पद	छूट प्राप्त

एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं होगा। आवेदन शुल्क के भुगतान (जहाँ देय हो) के बाद ही पूर्ण होगा। एक ही पद हेतु एक से अधिक आवेदन होने पर केवल अंतिम पूर्ण आवेदन पर विचार किया जाएगा।

चरण 4: अंतिम रूप से प्रस्तुत - घोषणा स्वीकार करें और अंतिम रूप से प्रस्तुत **("फाइनल सबमिट")** पर क्लिक करें। फाइनल सबमिट के बाद कोई परिवर्तन अनुमत नहीं है। आवेदन की पीडीएफ डाउनलोड करके सुरक्षित रखें।

भुगतान संबंधी समस्या: यदि राशि कट गई हो किंतु स्थिति "अदत्त" (unpaid) दिखाई दे, तो दोबारा भुगतान करने से पहले 48 घंटे प्रतीक्षा करें और हेल्पलाइन से संपर्क करें।

सुधार का अवसर: फाइनल सबमिट के बाद सुधार का कोई अवसर (correction window) नहीं दिया जाएगा।

अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़:

क्र.सं.	**दस्तावेज़**	**फाइल का प्रकार**	**अधिकतम आकार**
1.	रंगीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट आकार), आवेदन की तिथि से अधिकतम 3 माह पूर्व खींचा गया हो	jpg/png	500 KB
2.	हस्ताक्षर	jpg/png	500 KB
3.	जन्म तिथि का प्रमाण (जन्म प्रमाण-पत्र अथवा दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र)	jpg/pdf	500 KB
4.	बारहवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र और अंक-पत्र (एकल फाइल)	jpg/pdf	500 KB
5.	स्नातक उपाधि और अंक-पत्र, कालानुक्रम में (एकल फाइल)	jpg/pdf	2.5 MB
6.	स्नातकोत्तर उपाधि / सीए या सीएमए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र (यदि कोई हो)	jpg/pdf	500 KB
7.	सभी अनुभव प्रमाण-पत्र, कालानुक्रम में (एकल फाइल)	jpg/pdf	1 MB

8.	अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (एनसीएल)/ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)	jpg/pdf	500 KB
9.	दिव्यांगता प्रमाण-पत्र/यूडीआईडी कार्ड, तथा लेखक का विकल्प लेने पर लिखने में बाधा का प्रमाण-पत्र (अनुलग्नक-II) (यदि लागू हो)	jpg/pdf	500 KB
10.	पहचान प्रमाण (आधार / मतदाता पहचान-पत्र / पासपोर्ट / ड्राइविंग लाइसेंस)	jpg/pdf	500 KB
11.	वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम अथवा स्वायत्त निकाय में सेवारत उम्मीदवारों हेतु)। यदि अंतिम तिथि तक अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध न हो, तो यह प्रमाण अपलोड करें कि नियोक्ता को सूचित कर दिया गया है और दस्तावेज़ सत्यापन के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें।	jpg/pdf	500 KB
12.	एनपीसी संविदा सेवा प्रमाण-पत्र (केवल एनपीसी के संविदा कर्मचारी के रूप में आयु-छूट का दावा करने वाले उम्मीदवारों हेतु - पैरा 2.3 की टिप्पणी (iii))	jpg/pdf	500 KB

फोटोग्राफ और हस्ताक्षर:

i. फोटोग्राफ: आवेदन की तिथि से अधिकतम 3 माह पूर्व खींचा गया, हल्की (अधिमानतः सफेद) पृष्ठभूमि पर पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ; 139 पिक्सेल (चौड़ाई) × 179 पिक्सेल (ऊँचाई); 200 डीपीआई; अधिकतम 500 केबी।

ii. हस्ताक्षर: सफेद कागज़ पर गहरी नीली या काली स्याही के पेन से; 140 पिक्सेल (चौड़ाई) × 60 पिक्सेल (ऊँचाई); 200 डीपीआई; अधिकतम 500 केबी ।

iii. अस्पष्ट अथवा इन विनिर्देशों के अनुरूप न होने वाले फोटोग्राफ या हस्ताक्षर के कारण आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है।

अन्य निर्देश:

i. प्रस्तुत आवेदन की पीडीएफ प्रति सुरक्षित रखें। इसे एनपीसी को भेजने की आवश्यकता नहीं है।

ii. ऑनलाइन फॉर्म भरने में सहायता हेतु पोर्टल पर दिए गए **हेल्पलाइन +91-6393905801** पर संपर्क करें।

iii. परीक्षा के किसी भी चरण में प्रवेश अनंतिम है। किसी भी चरण में अपात्र पाए जाने, अथवा गलत जानकारी देने या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी; यदि नियुक्ति हो चुकी हो, तो नियत प्रक्रिया के बाद नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

iv. किसी भी रूप में सिफ़ारिश करवाने पर उम्मीदवार अयोग्य घोषित किया जाएगा।

v. ई-प्रवेश पत्र: चरण-I और चरण-II के अलग-अलग ई-प्रवेश पत्र परीक्षा से दो से तीन सप्ताह पूर्व https://npcrecruitments.in पर उपलब्ध होंगे और उम्मीदवारों को ई-मेल/एसएमएस द्वारा भी सूचित किया जाएगा। कोई प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।

vi. शुद्धिपत्र, सूचनाएँ और परिणाम केवल https://npcrecruitments.in तथा https://www.npcindia.gov.in पर प्रकाशित किए जाएँगे। उम्मीदवार इन्हें नियमित रूप से देखते रहें।

vii. कोई भी सवाल/ प्रश्न recruitment@npcindia.gov.in पर "Technical Assistant (Accounts) and Technical Assistant-2026" विषय के साथ भेजे जा सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म की तकनीकी समस्या हेतु विषय "Technical Assistant (Accounts) and Technical Assistant-2026 - Technical Issue - <विषय>" लिखें। डाक द्वारा कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

viii. अनुचित साधनों का प्रयोग, प्रतिरूपण (impersonation), अथवा परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी और उम्मीदवार को एनपीसी की भावी भर्तियों में भाग लेने से विवर्जित (debar) कर दिया जाएगा।

ix. उम्मीदवार प्रत्येक परीक्षा में ई-प्रवेश पत्र और मूल फोटो पहचान-पत्र साथ लाएँ। विस्तृत निर्देश ई-प्रवेश पत्र में दिए जाएँगे।

6.0 चयन प्रक्रिया

6.1 परीक्षा योजना

चरण	**प्रश्न-पत्र**	**अंक**	**अवधि**	**स्वरूप**
चरण-I (प्रारंभिक)	कंप्यूटर आधारित बहुविकल्पीय परीक्षा - प्रत्येक पद हेतु अलग प्रश्न-पत्र	120	120 मिनट	छँटनी
चरण-II (मुख्य)	(क) वर्णनात्मक परीक्षा (पेन और कागज़) - प्रत्येक पद हेतु अलग प्रश्न-पत्र	100	120 मिनट	अंतिम योग्यता सूची
	(ख) डिजिटल सक्षमता (आईटी प्रायोगिक) परीक्षा - दोनों पदों हेतु समान	100	60 मिनट	अर्हताकारी

i. परीक्षा का माध्यम **अंग्रेज़ी** है।

ii. कोई साक्षात्कार नहीं होगा।

6.2 परीक्षा केंद्र

चरण-I के केंद्र: नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, गुवाहाटी, गांधीनगर, चंडीगढ़, जयपुर, कानपुर, पटना और भुवनेश्वर। उम्मीदवार चरण-I का एक केंद्र चुन सकते हैं। कोई केंद्र तभी संचालित होगा, जब न्यूनतम अपेक्षित संख्या में उम्मीदवार उसे चुनें; अतः उक्त सभी 13 केंद्र संचालित नहीं भी हो सकते हैं

। संचालित न होने वाले अथवा पूर्ण भर चुके केंद्र के उम्मीदवारों को निकटतम उपलब्ध केंद्र आवंटित किया जाएगा। केंद्र परिवर्तन का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। चरण-II एक या अधिक केंद्रों पर होगा, जिनकी सूचना ई-प्रवेश पत्र में दी जाएगी। एनपीसी परीक्षा केंद्र बढ़ा सकती है, निरस्त कर सकती है या बदल सकती है। परीक्षा अथवा दस्तावेज़ सत्यापन में उपस्थित होने हेतु कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

6.3 चरण-I: प्रारंभिक परीक्षा

प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग पालियों में अलग बहुविकल्पीय प्रश्न-पत्र होगा। दोनों पदों हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवार दोनों प्रश्न-पत्रों में उपस्थित होंगे। प्रत्येक प्रश्न-पत्र निम्नानुसार होगा:

खंड	**विषय**	**प्रश्न**	**अंक**
1	सामान्य जागरूकता	20	20
2	मानसिक योग्यता एवं तर्कशक्ति	20	20
3	संख्यात्मक योग्यता, आँकड़ा विश्लेषण एवं कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान	20	20
4	अंग्रेज़ी भाषा	20	20
5	पद का विषय-क्षेत्र ज्ञान (अनुलग्नक-I, भाग ख)	40	40
	योग	**120**	**120**

i. अवधि: 120 मिनट। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।

ii. ऋणात्मक अंकन: प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.25 अंक काटा जाएगा। अनुत्तरित प्रश्न पर कोई कटौती नहीं होगी।

iii. अनंतिम उत्तर कुंजियाँ पोर्टल पर प्रकाशित की जाएँगी। आपत्तियाँ अधिसूचित अवधि में, सहायक संदर्भ सहित, ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती हैं। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। अंतिम उत्तर कुंजियाँ बाध्यकारी होंगी।

iv. चरण-I एक छँटनी परीक्षा है। इसके अंक केवल चरण-II हेतु छँटनी तथा समान अंक की स्थिति के निपटान (पैरा 6.5) हेतु उपयोग होंगे और अंतिम योग्यता में नहीं गिने जाएँगे।

v. चरण-II हेतु उम्मीदवारों का चयन पद-वार और श्रेणी-वार (दिव्यांगजन सहित) रिक्तियों के 1:12 के अनुपात में किया जाएगा, अर्थात् तकनीकी सहायक (लेखा) हेतु 120 और तकनीकी सहायक हेतु 60 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा । अंतिम चयनित उम्मीदवार के बराबर अंक पाने वाले सभी उम्मीदवार भी चयन सूची में रखे जाएंगे। किसी छूट का लाभ लिए बिना योग्यता से अर्हता प्राप्त करने वाले आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार अनारक्षित रिक्तियों के विरुद्ध गिने जाएँगे।

6.4 चरण-II: मुख्य परीक्षा

क. वर्णनात्मक परीक्षा

i. प्रत्येक पद हेतु अनुलग्नक-I, भाग ख के पाठ्यक्रम पर आधारित 100 अंक और 120 मिनट की अवधि का अलग प्रश्न-पत्र। यह परीक्षा पेन और कागज़ (pen-and-paper) माध्यम से होगी। प्रश्नों की संख्या और प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न-पत्र में दर्शाए जाएँगे।

ii. अंतिम योग्यता इस प्रश्न-पत्र के अंकों पर आधारित होगी। इसमें पुनर्मूल्यांकन का कोई प्रावधान नहीं है।

ख. डिजिटल सक्षमता (आईटी प्रायोगिक) परीक्षा

दोनों पदों हेतु समान; कंप्यूटर पर MS Office 2019 अथवा बाद के संस्करण पर, अंग्रेज़ी (भारत) कीबोर्ड के साथ, प्रायोगिक परीक्षा; 60 मिनट; 100 अंक; अर्हताकारी प्रकृति का (पात्रता तय करने वाला)। उम्मीदवारों को प्रत्येक पैकेज में अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे:

पैकेज	**अधिकतम अंक**	**अर्हक अंक**
MS-Word	40	20
MS-Excel	40	20
MS-PowerPoint	20	10

ग. दोनों पदों हेतु चयनित उम्मीदवार दोनों वर्णनात्मक प्रश्न-पत्रों में उपस्थित होंगे और आईटी परीक्षा एक बार देंगे।

6.5 योग्यता सूची

i. प्रत्येक पद की योग्यता सूची श्रेणी-वार, उस पद की चरण-II वर्णनात्मक परीक्षा के अंकों के आधार पर, डिजिटल सक्षमता परीक्षा में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों में से तैयार की जाएगी।

ii. दोनों पदों की योग्यता सूचियों में आने वाले उम्मीदवार को, प्रथम वरीयता पद के चयन क्षेत्र में होने पर, वही पद प्रदान करने का प्रस्ताव दिया जाएगा और फिर दूसरे पद हेतु उस पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रथम वरीयता पद के चयन क्षेत्र में न होने पर उस पर दूसरे पद हेतु विचार किया जाएगा। प्रस्तावित पद अस्वीकार करने या उस पर कार्यभार ग्रहण न करने वाला उम्मीदवार दोनों पदों पर अपना दावा खो देगा।

iii. समान अंक होने पर वरीयता इस क्रम में दी जाएगी: (1) वांछनीय योग्यता; (2) उस पद के चरण-I प्रश्न-पत्र में अधिक अंक; (3) अधिक आयु।

iv. एनपीसी भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार प्रतीक्षा सूची रख सकती है। प्रतीक्षा सूची परिणाम घोषित होने की तिथि से एक वर्ष तक वैध रहेगी।

v. चयन सूचियाँ, परिणाम, अंक और श्रेणी-वार कट-ऑफ अंक पोर्टल और एनपीसी वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएँगे।

6.6 दस्तावेज़ सत्यापन और नियुक्ति

i. चयन क्षेत्र में आने वाले उम्मीदवारों के मूल दस्तावेज़ों का सत्यापन नियुक्ति देने के प्रस्ताव से पूर्व किया जाएगा। अयोग्य पाए गए उम्मीदवार की नियुक्ति नहीं की जाएगी और योग्यता में अगले उम्मीदवार पर विचार किया जाएगा।

ii. नियुक्ति चिकित्सकीय स्वस्थता, चरित्र एवं पूर्ववर्ती रिकार्ड्स के सत्यापन तथा (सेवारत उम्मीदवारों हेतु) कार्यभार ग्रहण के समय वर्तमान नियोक्ता से कार्यमुक्ति आदेश के अधीन होगी।

7.0 अन्य जानकारी

7.1 पारिश्रमिक

7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-6 (रु. 35,400-1,12,400) तथा एनपीसी नियमों के अंतर्गत अनुमेय भत्ते। पेंशन: एनपीसी में लागू राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ।

7.2 परिवीक्षा

दो (2) वर्ष।

7.3 तैनाती

चयनित उम्मीदवारों को एनपीसी मुख्यालय अथवा भारत में स्थित इसके किसी कार्यालय में तैनात किया जा सकता है।

7.4 कार्यभार ग्रहण का समय

चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव में दी गई तिथि को कार्यभार ग्रहण करना होगा, अन्यथा प्रस्ताव निरस्त किया जा सकता है।

7.5 प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम

चयनित उम्मीदवार एनपीसी मुख्यालय, नई दिल्ली अथवा एआईपी, चेन्नई में प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे।

7.6 एनपीसी का अधिकार

आवश्यकता होने पर, नियुक्ति प्रस्ताव जारी होने से पूर्व, एनपीसी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त, सीमित या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति तथा भर्ती से संबंधित सभी मामलों पर एनपीसी का निर्णय अंतिम होगा।

7.7 कानूनी क्षेत्राधिकार

इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विधिक कार्यवाही केवल नई दिल्ली में संस्थित की जा सकेगी और केवल नई दिल्ली स्थित न्यायालयों/अधिकरणों के क्षेत्राधिकार में होगा।

7.8 महत्वपूर्ण तिथियाँ

कार्यक्रम	**तिथि**
ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ	28.11.2026
ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि	28.12.2026
चरण-I परीक्षा, तकनीकी सहायक (लेखा)/तकनीकी सहायक	24.01.2027 (संभावित)
चरण-II परीक्षा - वर्णनात्मक प्रश्न-पत्र	मार्च 2027 (संभावित)
दोनों पदों हेतु समान डिजिटल सक्षमता (आईटी प्रायोगिक) परीक्षा	मार्च 2027 (संभावित)

परीक्षा की सटीक तिथियाँ पोर्टल पर और ई-प्रवेश पत्रों में अधिसूचित की जाएँगी। अंग्रेज़ी और हिंदी पाठ में किसी भी विसंगति की स्थिति में अंग्रेज़ी पाठ मान्य होगा।

(विजय कुमार)

समूह प्रमुख (प्रशासन)

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, नई दिल्ली

अनुलग्नक-I - पाठ्यक्रम

क. चरण-I: खंड 1 से 4 (दोनों पदों हेतु समान)

1. सामान्य जागरूकता: उम्मीदवार की अपने परिवेश के प्रति सामान्य जागरूकता और समाज में उसके अनुप्रयोग की जाँच हेतु प्रश्न, जिनमें सामयिक घटनाएँ तथा दैनिक अवलोकन और अनुभव के वैज्ञानिक पहलू शामिल हैं, जैसी किसी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। प्रश्न भारत और उसके पड़ोसी देशों, विशेषकर इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, सामान्य नीति और वैज्ञानिक अनुसंधान से भी संबंधित होंगे।

2. मानसिक योग्यता एवं तर्कशक्ति: शाब्दिक और अशाब्दिक प्रश्न - अर्थगत सादृश्यता, प्रतीकात्मक संक्रियाएँ, प्रतीकात्मक/संख्या सादृश्यता, प्रवृत्तियाँ, आकृति सादृश्यता, दिशा-स्थान अभिविन्यास, अर्थगत वर्गीकरण, वेन आरेख, प्रतीकात्मक/संख्या वर्गीकरण, निष्कर्ष निकालना, आकृति वर्गीकरण, छिद्रित पैटर्न - मोड़ना एवं खोलना, अर्थगत श्रृंखला, आकृति पैटर्न - मोड़ना एवं पूर्ण करना, संख्या श्रृंखला, अंतर्निहित आकृतियाँ, आकृति श्रृंखला, आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, शब्द निर्माण, सामाजिक बुद्धिमत्ता तथा संबंधित विषय।

3. संख्यात्मक योग्यता, आँकड़ा विश्लेषण एवं कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान: संख्या पद्धति - पूर्ण संख्याओं, दशमलव और भिन्नों की गणना, संख्याओं के बीच संबंध। अंकगणित - प्रतिशत, अनुपात और समानुपात, वर्गमूल, औसत, साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ और हानि, बट्टा, साझेदारी व्यवसाय, मिश्रण और एलिगेशन, समय और दूरी, समय और कार्य। सांख्यिकीय चार्ट - तालिकाएँ और ग्राफ, आयतचित्र, बारंबारता बहुभुज, दंड आरेख, पाई चार्ट। कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान - कंप्यूटर का इतिहास और पीढ़ियाँ, वर्गीकरण, सीपीयू, एएलयू, जीपीयू, नियंत्रण इकाई, मेमोरी (रैम, रोम), इनपुट-आउटपुट उपकरण, परिधीय उपकरण, एमएस ऑफिस।

4. अंग्रेज़ी भाषा: Spot the error, fill in the blanks, synonyms, homonyms, antonyms, spelling correction, idioms and phrases, one-word substitution, sentence improvement, active-passive voice, direct-indirect narration, sentence rearrangement, passage rearrangement, cloze passage and comprehension.

ख. विषय-क्षेत्र ज्ञान (चरण-I खंड 5) तथा चरण-II वर्णनात्मक परीक्षा

तकनीकी सहायक: उम्मीदवार किसी दिए गए विषय पर टिप्पण और आलेखन तैयार करेंगे तथा प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिससे अंग्रेज़ी में संप्रेषण कौशल, केंद्रीय सचिवालय कार्यालय प्रक्रिया नियमावली (CSMOP) के अनुसार कार्यालय प्रक्रिया के अनुप्रयोग तथा नियमों और विनियमों के ज्ञान का आकलन हो, जिनमें शामिल हैं:

- मूल नियम और अनुपूरक नियम
- केंद्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972

- केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964
- केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965
- सामान्य वित्तीय नियम, 2017
- सामान्य भविष्य निधि नियम
- शिकायत निवारण - सीपीग्राम्स / लोक शिकायत पोर्टल
- गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM)
- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

तकनीकी सहायक (लेखा): उम्मीदवार किसी दिए गए विषय पर टिप्पण और आलेखन तैयार करेंगे तथा निम्नलिखित पर प्रश्नों के उत्तर देंगे:

i. वित्तीय लेखांकन: वित्तीय सूचना प्रणाली के रूप में लेखांकन; लेखा मानक (मूल्यह्रास, माल-सूची, अनुसंधान एवं विकास लागत, दीर्घकालिक निर्माण संविदाएँ, राजस्व मान्यता, संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण, आकस्मिकताएँ, विदेशी मुद्रा लेनदेन, निवेश, सरकारी अनुदान); नकदी प्रवाह विवरण; प्रति शेयर आय; शेयर पूंजी का लेखांकन; अंतिम लेखे तैयार करना और प्रस्तुत करना।

ii. लागत लेखांकन: प्रकृति और कार्य; लागत लेखा प्रणाली की स्थापना; लागत अवधारणाएँ (आय मापन, लाभ नियोजन, लागत नियंत्रण, निर्णय लेना); जॉब, प्रोसेस और गतिविधि-आधारित लागत निर्धारण; मात्रा-लागत-लाभ संबंध; वृद्धिशील विश्लेषण; विभेदक लागत निर्धारण; लागत नियंत्रण और कटौती; बजट निर्माण; मानक लागत निर्धारण और प्रसरण विश्लेषण; उत्तरदायित्व लेखांकन; प्रभागीय निष्पादन मापन।

iii. कराधान: आयकर - परिभाषाएँ, प्रभार का आधार, कुल आय से अपवर्जित आय, विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत व्यक्तियों की आय की गणना, हानियों का समंजन और अग्रनयन, सकल कुल आय से कटौतियाँ, स्रोत पर कर कटौती; माल और सेवा कर (जीएसटी) की मुख्य विशेषताएँ।

iv. लेखापरीक्षा: कंपनी लेखापरीक्षा; विभाज्य लाभ की लेखापरीक्षा; लाभांश; विशेष जाँच; कर लेखापरीक्षा।

v. व्यवसाय के विधिक पहलू: भारतीय संविदा अधिनियम, 1872; कंपनी अधिनियम, 2013; सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000।

ग. डिजिटल सक्षमता (आईटी प्रायोगिक) परीक्षा

1. MS-Word: दस्तावेज़ टेम्पलेट, पेज सेटअप, डिज़ाइन, हेडर और फुटर, बैकग्राउंड, हाइपरलिंक, बुकमार्क, प्रिंटिंग विकल्प; टेक्स्ट, अनुच्छेद और सेक्शन का फॉर्मेटिंग; तालिकाएँ और सूचियाँ; ग्राफिक तत्व; दस्तावेज़ परिवर्तन और सुरक्षा का प्रबंधन; मेल मर्ज।

2. MS-Excel: वर्कशीट और वर्कबुक; कस्टम डेटा फॉर्मेट और वैलिडेशन; चार्ट, शेप और ऑब्जेक्ट; कंडीशनल फॉर्मेटिंग; तालिकाएँ, स्टाइल, सॉर्टिंग और फ़िल्टरिंग; सूत्र और फ़ंक्शन (गणितीय, लॉजिकल, टेक्स्ट, सांख्यिकीय, दिनांक-समय और लुकअप); पिवट टेबल और पिवट चार्ट।

3. MS-PowerPoint: विभिन्न व्यू (View) में प्रस्तुतियाँ बनाना, फॉर्मेट करना और प्रबंधित करना; टेक्स्ट, आकार, चित्र, तालिकाएँ, चार्ट, स्मार्टआर्ट और मीडिया; थीम, ट्रांज़िशन और एनिमेशन।

अनुलग्नक-II

परीक्षार्थी में लिखने संबंधी शारीरिक बाधा के बारे में प्रमाण-पत्र

(पैरा 3.0(घ)(ii) देखें)

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने श्री/सुश्री _____ (दिव्यांग उम्मीदवार का नाम), _____ (दिव्यांगता प्रमाण-पत्र में उल्लिखित दिव्यांगता का स्वरूप और प्रतिशत) वाले व्यक्ति, सुपुत्र/सुपुत्री _____, निवासी _____ (ग्राम/जिला/राज्य), की जाँच की है और यह कहना है कि उनकी दिव्यांगता के कारण उनमें ऐसी शारीरिक बाधा है, जो उनकी लिखने की क्षमता में बाधा डालती है।

हस्ताक्षर: _____

मुख्य चिकित्सा अधिकारी / सिविल सर्जन / सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक

नाम और पदनाम: _____

सरकारी अस्पताल / स्वास्थ्य केंद्र का नाम, मुहर सहित: _____

स्थान: _____ दिनांक: _____

टिप्पणी: प्रमाण-पत्र संबंधित क्षेत्र/दिव्यांगता के विशेषज्ञ द्वारा दिया जाना चाहिए (चलन दिव्यांगता हेतु अस्थि रोग विशेषज्ञ अथवा भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विशेषज्ञ)।

अनुलग्नक-III

स्वयं के लेखक (स्क्राइब) के उपयोग हेतु वचन-पत्र

(पैरा 3.0(घ)(ii) देखें)

मैं, _____, _____ (दिव्यांगता का नाम) वाला/वाली उम्मीदवार, विज्ञापन सं. NPC/TA/1/2026 के अंतर्गत तकनीकी सहायक (लेखा) / तकनीकी सहायक के पद (पदों) की भर्ती की _____ (चरण-I / चरण-II वर्णनात्मक परीक्षा) में, अनुक्रमांक _____, _____ (केंद्र का नाम), जिला _____, _____ (राज्य) में उपस्थित हो रहा/रही हूँ। मेरी योग्यता _____ है।

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि _____ (लेखक का नाम) उपर्युक्त परीक्षा देने हेतु अधोहस्ताक्षरी के लिए लेखक की सेवा प्रदान करेंगे।

मैं एतद्द्वारा वचन देता/देती हूँ कि उनकी योग्यता _____ है। यदि बाद में यह पाया जाता है कि उनकी योग्यता अधोहस्ताक्षरी द्वारा घोषित योग्यता के अनुसार नहीं है, अथवा पद की न्यूनतम अनिवार्य योग्यता से कम नहीं है, तो मैं पद पर अपना अधिकार और उससे संबंधित दावे खो दूँगा/दूँगी।

(दिव्यांग उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

नाम: _____

स्थान: _____ दिनांक: _____

लेखक का फोटोग्राफ और फोटो-पहचान विवरण: _____